आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 12.08.2024 समय: 7.10 PM

**मुख्य समाचार**

- प्रदेश में नगरीय निकाय के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के मानदेय में 20 फीसदी का इजाफा ।
- पीएम-सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आदर्श सौर ग्राम योजना के कार्यान्वयन के लिए दिशानिर्देश जारी ।
- गुना में केन्द्रीय मंत्री संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा-पहाड़ से चाँद तक लहराया तिरंगा ।
- नई दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होंगे प्रदेश के पीएम श्री विद्यालयों के 6 विद्यार्थी ।

**नगरीय निकाय वेतन**

प्रदेश सरकार ने महापौर वेतन 4 हजार 400 रुपए बढ़ा दी। अब उनको 22 हजार की जगह 26 हजार,400 रुपए महीना मिलेगा। इसके अलावा, उपाध्यक्ष, पार्षद, नगरपालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षद सहित नगरीय निकाय के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के मानदेय में भी 20 फीसदी इजाफा किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में देवी अहिल्या बाई होलकर नगरीय महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन एवं रक्षाबंधन कार्यक्रम में वेतन बढाने की घोषणा की । इसमें प्रदेशभर के नगरीय निकायों से तीन हजार से ज्यादा जनप्रतिनिधि शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छा काम करने वाले नगर निगम को 5 करोड़ और नगर पालिका को 2 करोड़ रुपए का इनाम दिया जाएगा।

**सरकार-आदर्श सौर ग्राम**

सरकार ने पीएम-सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आदर्श सौर ग्राम योजना के कार्यान्वयन के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने आज कहा कि इस योजना के अंतर्गत देश भर में प्रत्येक जिले में एक आदर्श सौर ग्राम बनाने पर बल दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इसके लिए कुल 800 करोड़ रुपये आवंटित किए गये हैं। इस योजना के अंतर्गत एक गांव की आबादी पांच हजार और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए दो हजार से अधिक होनी चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि प्रत्येक जिले के सबसे अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वाले विजेता गांव को एक करोड़ रुपये का केंद्रीय वित्तीय सहायता अनुदान मिलेगा।

**हर घर तिरंगा अभियान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हर घर तिरंगा अभियान में प्रदेश की हर गली, हर मोहल्ला तिरंगामय हो गया है। मुख्यमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत भोपाल के सुभाष नगर आर.ओ.बी. से निकाली गयी तिरंगा यात्रा के शुभारंभ अवसर पर यह बात कही। तिरंगा यात्रा में दो बार ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम में मिडफील्डर विवेक सागर और शूटिंग में दो बार के ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर भी शामिल हुए। तिरंगा यात्रा का लगभग 101 मंच से समाज के लोगों ने स्वागत किया।

**मुरैना** जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम से प्रारंभ होकर पंडित रामप्रसाद बिस्मिल संग्रहालय पर पहुंची।

**नीमच** में शिक्षा विभाग द्वारा शहर के मुख्य मार्गों पर तिरंगा रैली आयोजित कर प्रत्येक घर पर तिरंगा लहराने का संदेश दिया। **आगरमालवा** जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा कल 13 अगस्त को निकाली जाएगी।

**नशामुक्त भारत अभियान**

रीवा के कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में नशामुक्त भारत अभियान कार्यक्रम में उप-मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि नशे को जड़ से समाप्त करने का अभियान अनवरत जारी रहेगा। नशे के अपराध में लिप्त लोगों को जेल भेजा जाएगा। श्री शुक्ल ने कहा कि आने वाली पीढ़ी यदि नशे में रहेगी तो विकास के फल का स्वाद उसे नहीं मिल पाएगा। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नशामुक्ति की शपथ दिलाई।

**निवाड़ी** के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नशा मुक्ति भारत अभियान अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
**सीहोर** के कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में सभी जिलाधिकारियों को नशामुक्त जिला, नशा मुक्ति प्रदेश तथा नशा मुक्त देश बनाने का सामूहिक संकल्प दिलाया।

**स्वतंत्रता दिवस सूचना**

स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राज्यस्तरीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के कारण प्रादेशिक समाचारों के समय में परिवर्तन किया गया है. 14 अगस्त को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्र के नाम संबोधन के कारण शाम के प्रादेशिक समाचार 7 बजाकर 10 मिनट के स्थान पर 6 बजाकर 32 मिनट से प्रसारित होंगे. इसी तरह 15 अगस्त को लाल किले पर आयोजित राष्ट्रीय ध्वजारोहण समारोह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के सीधे प्रसारण के कारण सुबह के प्रादेशिक समाचार 7 बजाकर 10 मिनट के स्थान पर 6 बजाकर 45 मिनट से प्रसारित होंगे.

**सिंधिया गुना**

केन्द्रीय मंत्री संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज गुना में लाड़ली बहना रक्षाबंधन उत्सव कार्यक्रम और तिरंगा यात्रा में शामिल

हुए । कार्यक्रम के दौरान जिले के प्रमुख विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया, साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री सिंधिया ने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा दुर्गम पहाड़ों की चोटी पर भी पहुंच चुका है एवं चांद पर भी हमारा देश का झण्डा गाड़ दिया गया है,जो भारत को तीसरी आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित करेगा।

**पीएम श्री विद्यार्थी दिल्ली**

प्रदेश के पीएम श्री विद्यालयों के 6 विद्यार्थियों को नई दिल्ली में 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। यह विद्यार्थी स्वतंत्रता दिवस के दौरान युद्ध स्मारक, इंडिया गेट, प्रधानमंत्री संग्रहालय और प्रतिष्ठित स्थानों को देखने जाएगे।चयनित छात्र नई दिल्ली के लाल किले में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में अपने स्कूलों और राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित छात्र 13 से 16 अगस्त तक नई दिल्ली में रहेंगे।प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले छात्रों का चयन उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और उल्लेखनीय गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के आधार पर किया गया है।

**मुख्यमंत्री बैतूल**

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव आज रक्षाबंधन और श्रावण उत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बैतूल जिला मुख्यालय से करीब 65 किमी दूर भैंसदेही ब्लाक मुख्यालय पर पहुंचे। यहां पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बहनों से रक्षासूत्र बंधवाए। इस दौरान बहनों ने उन्हें 51 फीट लंबी राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने जिले में 60 करोड़ से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया।

**राजस्व महा अभियान इंदौर**

राजस्व महा अभियान का इंदौर जिले में प्रभावी क्रियान्यवन किया जा रहा है। इस अभियान के क्रियान्वयन में इंदौर प्रदेश के टॉप 10 जिलों में आ गया है। कलेक्टर आशीष सिंह ने आज राजस्व अधिकारियों की बैठक में तय समय सीमा में लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। यह अभियान आगामी 31 अगस्त तक चलेगा। जिले में अभियान के तहत अभी तक 55 हजार 683 ई-केवायसी की जा चुकी है। 58 हजार से अधिक नक्शा से जुड़े कार्य पूरे कर लिए गए हैं ।

**समाचार संक्षेप**

1. **सीहोर** के जिला किसान कल्याण तथा कृषि विभाग ने जिले के किसानों से आह्वान करते हुए कहा की किसान 16 अगस्त से पूर्व पीएम फसल बीमा योजना में बीमा अवश्य करायें
2. **खं□वा** जिले में 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जा रहा है।
3. केन्द्रीय संचार ब्यूरो, **भोपाल** द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस और स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी लगायी जा रही है. प्रदर्शनी का शुभारम्भ कल कैरियर कॉलेज, गोविंदपुर में सांसद आलोक शर्मा करेंगे.
4. संस्कृत भारती **भोपाल** महानगर द्वारा संस्कृत भाषा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भोपाल जिले के विभिन्न स्थानों पर 16 अगस्त से 22 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।
5. **नीमच** जिले में 20 सितम्बर को रक्तदान महाअभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रथम बार रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रेरित कर उनसे रक्तदान कराया जाएगा।

6. **रायसेन** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा समय सीमा वाले शासकीय पत्रों तथा सीएम हेल्पलाईन की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

7. **देवास** में भगवान शिव की भक्ति उपासना के मास सावन के चौथे सोमवार पर शिवालयों में पूजन के दौर चल रहे हैं।

--------------------